हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 जुलाई 2024, समय 1810

- नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा है कि ,हवाई किराये के मौजूदा नियामक ढांचे में बदलाव करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शहरी स्थानीय निकाय जनप्रतिनिधि सम्मलेन में जनप्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली ।
- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहली जुलाई को तिथि मानकर नए नोट बनाये जायेंगे।
- लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कालका विधानसभा क्षेत्र में 80 करोड़ 92 लाख रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया ।
- मौसम विभाग ने कल एवं परसों हरियाणा एवं चंडीगढ़ के कुछेक स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई।

**********************************************************************

नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि हवाई किराये के मौजूदा नियामक ढांचे में बदलाव करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं द्वारा निर्धारित किराए को नियंत्रित नहीं करती है।श्री नायडू आज लोकसभा में हवाई किरायों में अत्यधिक वृद्धि पर पूछे एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।श्री नायडू ने कहा कि हालांकि सरकार चाहती है कि आम लोगों के लिए हवाई किराया कम हो। एक निजी हवाई कम्पनी द्वारा हवाई किराये में बहुत ज्यादा बढोत्तरी के सवाल पर उन्होंने इसकी जांच कराने का आश्वासन दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्हें कई अन्य सांसदों से भी ऐसी ही शिकायतें मिली हैं। इसलिए मामले की गहन जांच की जानी चाहिए।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा की विभिन्न जेलों के लिए 56 लाख 70 हज़ार रुपये की लागत से 186 वॉकी-टॉकी सेट खरीदने को मंजूरी दी है। हरियाणा के जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जेल कर्मचारियों की संचार क्षमताओं को बढ़ाना, कैदियों और जेल कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी सुरक्षा संबंधी चिंता का तुरंत समाधान करने के

लिए वॉकी-टॉकी सेट प्रभावी संचार उपकरण है ।वॉकी-टॉकी सेट से निगरानी टावरों पर तैनात कर्मचारियों और जेल कर्मचारियों के बीच संचार आसान होगा ।

**********************************************************************

हिसार में आज शहरी स्थानीय निकाय जन प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कार्यक्रम में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा व स्वास्थ्य एंव नागरिक उड्डयन मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता विशेष तौर पर उपस्थित रहे।प्रदेश के सभी जिलों के महापौर,उप महापौर,वरिष्ठ महापौर के साथ साथ पार्षद भी कार्यक्रम में शामिल हुए ।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज के इस कार्यक्रम का मकसद जन प्रतिनिधियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जानना है ।विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जिनके खुद के बही खाते खराब हैं वो सरकार से हिसाब मांग रहे हैं।उन्होंने कहा कि हिसाब मागने वालों को जनता ने जवाब दे दिया है । मुख्यमंत्री कहा कि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अगस्त में हवाई जहाज उड़ने शुरू हो जाऐंगे।उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के तीसरे चरण के उद्घाटन अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री हिसार आऐंगे।

********************************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में विशेष संशोधन संबंधी कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। आयोग के दिशा निर्देशानुसार अब इस वर्ष पहली जुलाई, को अर्हता तिथि मानकर नए वोट बनाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन से पूर्व की गतिविधियां 25 जून से पहली अगस्त तक की जाएँगी। मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा । श्री अग्रवाल ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 2 से 16 अगस्त तक दर्ज करवाई जा सकेंगी । दावे एवं आपत्तियों का निपटान 26 अगस्त तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक लेवल अधिकारी को मतदान स्टेशन पर उपस्थित रहने के लिए 3, 4, 10 व 11 अगस्त चार विशेष तिथियां जारी की हैं।उन्होंने राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया है कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों को इन तिथियों में B.L.O से संपर्क करने को कहें और मतदान स्टेशनों पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त को किया जाएगा।

**********************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने आज कालका विधानसभा क्षेत्र में लगभग 80 करोड़ 92 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जिनमें 30 सड़कों का उद्घाटन एवं शिलान्यास तथा चार नए नलकूपों का शिलान्यास शामिल है।जनस्वास्थ्य मंत्री ने कालका में 71 किलोमीटर 24 मीटर लंबी 11सड़को का उद्घाटन किया। जिन पर 53 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत आयी है ।इसके अलावा उन्होंने 26 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 47 किलोमीटर 63 मीटर लंबी 19 सड़को का शिलान्यास किया।डा बनवारी लाल ने कहा कि इन परियोजनाओं की शुरूआत से कालका विधानसभा क्षेत्र के लोगों को जहां बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होगा वहीं स्वच्छ पेयजल की भी आपूर्ति भी होगी।जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान BJP सरकार ने अपने अब तक के लगभग 10 वर्षों के कार्यकाल में क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर समान विकास करवाना सुनिश्चित किया है।

*************************************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने आज अंबाला के गांव इस्माइलपुर में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 89 लाभार्थियों को 100-100 वर्ग ग़ज़ के रिहायशी भूखण्डों के कागज़ात वितरित किये।उन्होंने कहा कि 13 वर्षों के बाद गांव के लोगों को स्वामित्व योजना के तहत अपनी संपत्ति का मालिकाना हक़ मिल पाया है।श्री गोयल ने आज अपने आवास पर मुख्यमंत्री समरसता अंतरजातीय विवाह शगुन योजना के तहत 35 लाभार्थियों को सवा-सवा लाख रुपये की सावधि, अनुदान राशि के रूप में वितरित की।

***************************************************************************

हरियाणा की शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने आज भिवानी के पंचायत भवन से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंत्री ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।उन्होंने बताया कि बस में 46 बुजुर्ग यात्री अयोध्या के लिए रवाना हुए।योजना की प्रशंसा करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि अन्य प्रदेश भी इस योजना का अनुसरण कर रहे हैं।

***************************************************************************

मौसम विभाग ने कल और परसों हरियाणा व चंडीगढ़ में कुछेक स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है जबकि अन्य दिनों में हलकी से मध्यम वर्षा हो सकती है। विभाग के अनुसार कल चंडीगढ़, पंचकूला, अम्बाला, कुरुक्षेत्र और करनाल ज़िले में गरज चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं जबकि यमुनानगर ज़िले में गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। इसी तरह परसों भी यमुनानगर, मेवात, पलवल और फ़रीदाबाद ज़िले में गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं पंचकूला, अम्बाला, करनाल, गुरुग्राम ज़िले में गरज चमक की स्थिति बनी रह सकती है।

*****************************************************************************

हरियाणा में आज हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज़ एसोसिएशन के आह्वान पर सरकारी चिकित्सक हड़ताल पर रहे।रोहतक से हमारे संवाददाता ने बताया है कि हड़ताल की वजह से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, हालांकि इसका आपातकालीन सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ा। जबकि पलवल से हमारे संवाददाता के अनुसार वहां सभी आपातकालीन सेवायें भी बाधित रहीं।एसोसिएशन के पलवल ज़िला प्रधान ने बताया कि चिकित्सक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की सीधी भर्ती पर रोक लगाने, विशेषज्ञ कैडर बनाने, स्नातकोत्तर डिग्री के लिए बॉन्ड राशि एक करोड़ रुपये से कम करके 50 लाख किये जाने और 10 साल में तरक्की किये जाने की माँग कर रहे हैं।

**********************************************************************